समाचार

# स्वच्छता कार्यो में लापरवाही पर होगी जवाबदारी तय–आयुक्त

(आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने वार्ड क्र. 25, 26 एवं 12 में किया सफाई कार्यो का निरीक्षण)



कोरबा 20 जून 2019 –आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने निगम के स्वच्छता अधिकारियों, निरीक्षकों एवं सफाई ठेकेदारों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि सफाई कार्यो में लापरवाही पर जवाबदारी तय की जाएगी तथा जिम्मेदार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही होगी, अतः स्वच्छता कार्यो का संपादन पूरी सजगता से करें, कार्यो की सतत रूप से मानीटरिंग करें तथा यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित पैमाने के अनुसार सफाई कार्य किए जा रहे हैं।

उक्त निर्देश आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने आज निगम के विभिन्न वार्डो में किए गए साफ–सफाई कार्यो के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं स्वच्छता कार्य एजेंसियों को दिए। आयुक्त श्री दुबे ने आज वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक डॉ.संजय तिवारी को साथ लेकर नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 25 नेहरूनगर, बाईपास रोड, तिलक मार्ग, वार्ड क्र. 26 मुड़ापार, बाईपास रोड तथा वार्ड क्र. 12 अमरैयापारा क्षेत्र का दौरा कर साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। वार्ड क्र. 25 नेहरूनगर व बाईपास रोड तिलक मार्ग में भ्रमण के दौरान उन्होने सड़क के किनारे व नालियों के आसपास ऊगी घांस व झाड़ियों को हटाने के निर्देश दिए, उन्होने बंद नालियों को खोलने तथा नालियों की सफाई दो दिवस के अंदर पूर्ण करने को कहा। इसी प्रकार वार्ड क्र. 26 मुड़ापार बाईपास रोड के निरीक्षण के दौरान पाया कि नाली में जाम लगा हुआ है, उन्होने इस पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए सफाई ठेकेदार को कड़ी हिदायत दी कि तुरंत जाम नालियों को खोले, नियमित रूप से सफाई कराएं ताकि बरसात के दौरान पानी निकासी में व्यवधान उपस्थित न हों। उन्होने कहा कि भविष्य में सफाई कार्यो में उदासीनता दिखने पर जवाबदारी तय की जाएगी तथा जिम्मेदार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही होगी। आयुक्त श्री दुबे ने वार्ड क्र. 12 अमरैय्यापारा में भी भ्रमण किया, साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित पैमाने पर सफाई कार्य नियमित रूप से किए जाएं, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें।

**अवैध निर्माण पर जाहिर की नाराजगी**– वार्ड क्र. 12 अमरैय्यापारा में भ्रमण के दौरान वहां पर किए जा रहे अवैध निर्माण को आयुक्त श्री दुबे ने गंभीरता से लिया तथा इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए राजस्व अधिकारी श्रीधर बनाफर को निर्देश दिए कि अवैध निर्माण के विरूद्ध त्वरित रूप से नियमानुसार कार्यवाही करें तथा सी.एण्ड.डी.वेस्ट एवं भवन निर्माण सामग्री जो सड़क पर डम्प की गई है, उस पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए, उसे सड़क से तत्काल हटवाएं।

**आमजन से की स्वच्छता में सहयोग की अपील**– भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री दुबे ने आमजन से भी अपील करते हुए निगम के सफाई कार्यो एवं शहर को साफ–सुथरा रखने में सहयोग करने का आग्रह किया, उन्होने कहा कि घरों व दुकानों आदि से निकले हुए कचरे को नालियों व सड़क पर न डालें, नालियों में कचरा डालने से नालियां जाम होती

है, पानी की निकासी सुचारू रूप से नहीं हो पाती, साथ ही निगम के सफाई कार्यो में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होने अपील करते हुए कहा कि घरों व दुकानों आदि से उत्सर्जित सूखे व गीले कचरे को पृथक–पृथक डस्टबिनों में संग्रहित करके रखें तथा डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण हेतु निगम के सफाई मित्र जब आपके घर पहुंचे तो उनके वाहन में ही कचरे को दें, निगम की साफ–सफाई व्यवस्था व शहर को साफ–सुथरा रखने में अपनी महती सहभागिता प्रदान करें।